**C.B.S.E**

**कक्षा : 10**

**विषय : हिंदी B**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

---

**सामान्य निर्देश:**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग, और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।
7. पाँच अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 120-150 शब्दों में लिखिए।

## खण्ड - क

## [अपठित अंश]

प्र.1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [10]

1950 में पुणे के संघ परिषद् शिक्षा वर्ग में एक दिन विशेष भोजन में जलेबी बनी थी। परम पूजनीय श्री गुरू जी उस दिन स्वयंसेवकों के मार्गदर्शन हेतु वर्ग में उपस्थित थे। भोजन के समय अधिकारियों की पंक्ति में आठ-नौ, स्वंयसेवकों को भोजन परोसने का दायित्व दिया गया। भोजन-मंत्र से पूर्व उन स्वंयसेवकों ने वितरण शुरू करा दिया, लेकिन उनमें से एक स्वंयसेवक, जिसके पास जलेबी की थाली थी, वितरण न करके चुपचाप बैठा रहा। परमपूज्य गुरू जी का ध्यान उसकी ओर गया। भोजन प्रारम्भ होने से पूर्व गुरू जी उसके पास गए और कहा-तुम कैसे बैठे हो? पंक्ति में वितरण करो।

उस स्वंयसेवक ने संकोचपूर्वक गुरू जी से कहा- मैं चमार जाति का हूँ, पंक्ति में ऊँची जातियों के स्वयंसेवक भी बैठे हैं, उन्हें मैं कैसे परोस सकता हूँ? गुरू जी को उस स्वयंसेवक की बात बहुत बुरी लगी। उन्होंने उसका हाथ पकड़कर जलेबी की थाली थमाई, और सर्वप्रथम अपनी थाली में परोसने को कहा, फिर सब स्वयंसेवकों को देने के लिए कहा। गुरू जी के आत्मीय व्यवहार से उसकी प्रसन्नता का पारावार नहीं रहा। उसने पंक्ति में सभी को जलेबी परोसी।

1. भोजन में जलेबियाँ कब और कहाँ बनी थीं और जलेबी बाँटनेवाला शांत क्यों बैठा था? [2]
2. गुरू जी का ध्यान किसकी ओर गया? [2]
3. गुरू जी ने स्वयंसेवक से क्या कहा? [2]
4. गुरू जी को कौन-सी बात बुरी लगी तथा उसकी बात सुनकर उन्होंने क्या किया? [2]
5. स्वयंसेवक की प्रसन्नता का पारावार कब नहीं रहा? [1]
6. उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दें। [1]

## खण्ड - ख

## [व्यावहारिक व्याकरण]

प्र. 2. शब्द किसे कहते है? [1]

प्र. 3. निम्नलिखित प्रश्नों उत्तर निर्देशानुसार दीजिए। [3]

(क) शेर दिखाई दिया सब लोग डर गए (सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।)

(ख) जैसे ही मैंने खाना खाया वैसे ही मैं सो गया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ग) हरसिंगार के फूलों को देखते ही मुझे माँ की याद आ जाती है। (मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए)

प्र. 4. (क) निम्नलिखित समस्त पदों के समास का नाम लिखिए। [2]

- भला-बुरा, गिरिधर

(ख) निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।[2]

- शोक से आकुल
- नमक और मिर्च

प्र.5. निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप में लिखिए: [4]

(क) जय कड़वा दवाई पी गया।

(ख) चाचा जी के निधन का समाचार पाते ही उसके हाथों से तोते गिर गए।

(ग) सारी रात भर मैं पढ़ता रहा।

(घ) सरकार ने टैक्स वसूल की।

प्र. 6. उचित मुहावरों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करें [4]

- _________ बनाते रहोगे या अब अभ्यास भी करोगे।
- भारतीय सेना ने दुश्मनों के _________ दिए।
- वर्माजी ने अपनी एकलौती बिटिया की शादी में _________ खोल दिया।
- गणित के इन सवालों ने तो मेरे _________ दिए।

## खण्ड - ग

## [पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक]

प्र.7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: [2+2+2=6]

(क) लोग अपने-अपने मकानों व सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रीय झंडा फहराकर किस बात का संकेत देना चाहते थे?

(ख) लेखक ने ग्वालियर से बंबई तक किन बदलावों को महसूस किया? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) तताँरा-वामीरो कहाँ की कथा है?

(घ) हेडमास्टर साहब की डिग्री कब और कहाँ बेकार हो गई स्पष्ट कीजिए।

प्र. 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। [5]

1. 'कारतूस' पाठ के आधार पर लिखिए कि जांबाज़ के जीवन का लक्ष्य अंग्रेजों को इस देश से बाहर करना था।
2. 'शाश्वत मूल्य' से आप क्या समझते हैं? 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर बताइए कि वर्तमान समय में इन मूल्यों की क्या प्रासंगिकता है?

प्र.9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए। [2+2+2=6]

(क) मनुष्य मात्र बंधु है से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(ख) सर हिमालय का हमने न झुकने दिया, इस पंक्ति में हिमालय किस बात का प्रतीक है?

(ग) सच्चे मन में राम बसते हैं-दोहे के संदर्भानुसार स्पष्ट कीजिए।

(घ) शाल-वृक्षों के डरने का कारण स्पष्ट कीजिए।

प्र.10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। [5]

1. 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?
2. दीपक दिखाई देने पर अँधियारा कैसे मिट जाता है? साखी के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

प्र.11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [6]

1. टोपी की भावात्मक परेशानियों को मद्देनजर रखते हुए शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक बदलाव सुझाइए?
2. 'संपत्ति के लिए अपने भी पराये बन जाते हैं' 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए।

## खण्ड - घ

## [लेखन]

प्र. 12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : [6]

- दया धर्म का मूल है
- सत्संगति
- आज की बचत कल का सुख

प्र.13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लेखन करें। [5]

1. नवरात्री महोत्सव के समय देर रात तक ऊँची आवाज में रेकार्ड बजाने के कारण अध्ययन में बाधा पड़ने की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए, होम-इंस्पेक्टर को पत्र लिखिए।
2. आपके जन्म दिवस पर आपके चाचाजी द्वारा उपहार में भेजी गई पढ़ाई से संबंधित संदर्भ पुस्तकें प्राप्त करने पर उन्हें धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए।

प्र. 14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 40 से 50 शब्दों में सूचना लेखन करें। [5]

1. आपके विद्यालय में एक सप्ताह के लिए 'निःशुल्क रक्त-जाँच व रक्त-दान शिविर' लगाया जा रहा है। स्थानीय जनता की सूचना के लिए 30 शब्दों में एक सूचना-पत्रक लिखिए।
2. खोए हुए सामान की जानकारी के लिए रिक्शा वालों के लिए सूचना तैयार करें।

प्र. 15. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 50-60 शब्दों में संवाद लिखें। [5]

1. बढ़ते हुए महिला अपराध के संदर्भ में दो महिलाओं के मध्य बातचीत लिखिए।
2. विद्यार्थी और बस कंडक्टर के बीच हो रहे संवाद लिखिए।

प्र.16. निम्नलिखित विज्ञापनों में से किसी एक विज्ञापन का आलेख 50 शब्दों में तैयार कीजिए। [5]

1. ठंडी के मौसम में खाये जानेवाले च्वनप्राश का विज्ञापन तैयार कीजिए।
2. गहने के विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए।